कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय

(बिहार शिक्षा परियोजना, बेगूसराय)

नियोजन संबंधी विज्ञप्ति

पत्रांक................................/ दिनांक................................./

बिहार शिक्षा परियोजना, बेगूसराय के अंतर्गत कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय के नियोजन संबंधी (पूर्व के विज्ञापन कार्यालय के पत्रांक 493 दिनांक 11.02.2015, प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र विज्ञापन पी0आर0 12660 (नि0नि0) 14–15 दिनांक 21.02.2016 एवं शुद्धि पत्र, कार्यालय के पत्रांक 493 दिनांक 11.02.15 पी0आर0न0 13162(नि0नि0) 14–15 दिनांक 01.03.2015 को प्रकाशित किया गया था तथा राज्य परियोजना निदेशक, बि0शि0परि0परि0, पटना के पत्रांक 835 दिनांक 16.02.2016 एवं पत्रांक 1492 दिनांक 14.03.2016 के आलोक में पूर्व में पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के आवेदन को रद्द करते हुए पूर्णकालिक शिक्षिका के स्थान पर अंशकालिक शिक्षिका नाम रखते हुए कार्यालय के पत्रांक 2424 दिनांक 10.08.2016 के आलोक में विज्ञापन पी0आर0 5267 (नि0नि0) 16–17 प्रकाशित किया गया एवं उसका शुद्धिपत्र बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय के पत्रांक 2334 दिनांक 01.08.2016 के आलोक में लिये गये सभी आवेदन /नियोजन प्रकिया सह तत्संबंधी कार्रवाई को निरस्त करने का निर्णय लिया गया) पूर्व में निर्गत सभी प्रकार के विज्ञापन एवं आदेश साथ ही पूर्व में किये गये आवेदन को अपरिहार्य करणों से रद्द करते हुए कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय के नियोजन संबंधी मार्गदर्शिका में निहित प्रावधान के आलोक में बिहार शिक्षा परियोजना, बेगूसराय के अंतर्गत कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय (आवासीय) में रिक्ति के अनुसार निम्नांकित पदों पर लधुकालीन संविदा के आधार पर रिक्त पदों पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

रिक्त पदों की विवरणी जिनके लिए अग्रलिखित अर्हता वाले आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

क्र0	पद का नाम	पद कोड	पद की सं0	शैक्षणिक योग्यता	वांछनीय प्रशैक्षणिक योग्यता	मानदेय (प्रति माह)	कोटिवार रिक्ति	लिंग
1	वार्डेन सह शिक्षिका	01	11	स्नातक (किसी भी विषय में)	प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में 2 वर्षीय प्रशिक्षण एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा उतीर्ण	7200/– +500/– (विशेष भत्ता)	अना0–04, अनु0जा0–03 (बैकलॉग सहित), अ0पि0व0–2, पि0व0–1, पि0व0 महिला–1	महिला
2	अंशकालिक शिक्षिका (भाषा)	02	13	स्नातक (हिन्दी / अंग्रेजी विषय में)		7000/–	अना0–04, अनु0जा0–03 (बैकलॉग सहित), अ0पि0व0–3(बैकलॉग सहित), पि0व0–2, पि0व0 महिला–1	महिला
3	अंशकालिक शिक्षिका (विज्ञान एवं गणित)	03	14	स्नातक (रसायन / जीव विज्ञान / भौतिकी / गणित में किन्हीं दो विषय में उत्तीर्ण)		7000/–	अना0–06, अनु0जा0–03 (बैकलॉग सहित), अ0पि0व0–2, पि0व0–2, पि0व0 महिला–1	महिला
4	अंशकालिक शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान)	04	09	स्नातक(इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति शास्त्र एवं सामाजशास्त्र में किसी दो विषय में उतीर्ण, जिनमें एक विषय अनिवार्यतः इतिहास या भूगोल हो।)		7000/–	अना0–01, अनु0जा0–03 (बैकलॉग सहित), अ0पि0व0–3(बैकलॉग सहित), पि0व0–1, पि0व0 महिला–1	महिला
5	लेखापाल –सह– सहायक	05	14	आई0कॉम0 / बी0कॉम0	------	5800/–	अना0–06, अनु0जा0–03 (बैकलॉग सहित), अ0पि0व0–2, पि0व0–2, पि0व0 महिला–1	महिला / पुरूष
6	आदेशपाल	06	14	मैट्रिक उत्तीर्ण	-------	3500/–	अना0–07, अनु0जा0–02, अ0पि0व0–2, पि0व0–2, पि0व0 महिला–1	महिला / पुरूष
7	चौकीदार / रात्रि प्रहरी	07	12	मैट्रिक उत्तीर्ण	-------	3500/–	अना0–06, अनु0जा0–01, अ0पि0व0–3(बैकलॉग सहित), पि0व0–1, पि0व0 महिला–1	महिला / पुरूष
8	मुख्य रसोईया	08	13	पंचम / मैट्रिक उतीर्ण	------	3500/–	अना0–06, अनु0जा0–03 (बैकलॉग सहित), अ0पि0व0–2, पि0व0–1, पि0व0 महिला–1	महिला
9	सहायक रसोईया	09	27	पंचम / मैट्रिक उतीर्ण	------	2900/–	अना0–12, अनु0जा0–06(बैकलॉग सहित), अ0पि0व0–06(बैकलॉग सहित), पि0व0–2, पि0व0 महिला–1	महिला

उपरोक्त नियोजन निम्नांकित अनुबंध एवं सेवा शर्त्त पर की जाएगी।

- आयु सीमा– सभी पदों के लिए आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2018 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु अनारक्षित(पुरूष) – 37 वर्ष, पि0 व0/अ0पि0व0/अनारक्षित(महिला)– 40 वर्ष, अनु0 जाति/अनु0 जनजाति – 42 वर्ष निर्धारित है।
- आरक्षण– सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आरक्षण रोस्टर नीति के संबंध में निर्गत नियमावली का पालन किया जाएगा।
- निवास – आवेदक अनिवार्य रूप से बिहार राज्य के निवासी होना चाहिए।
- परीक्षा शुल्क – अनु0 जाति/अनु0 जनजाति/निःशक्त आवेदक को छोड़कर शेष सभी कोटि के आवेदक को परीक्षा शुल्क 200/– (दो सौ रूपये)मात्र बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। ड्राफ्टBEP(SSA), BEGUSARAI Payable at BEGUSARAI के पक्ष में निर्गत किया जायगा। ड्राफ्ट विज्ञापन प्रकाशन के बाद की तिथि में निर्गत होना चाहिए किसी भी परिस्थिति में विज्ञापन प्रकाशन के पूर्व की तिथि का बैंक ड्राफ्ट स्वीकार्य नहीं किये जाएगे। परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में शुल्क दिया गया है तथा वर्तमान के निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत हो तो उन्हें शुल्क के साक्ष्य के साथ आवेदन देना होगा।
- वरीयता का निर्धारण
  1. वार्डेन/शिक्षिका के पद हेतु मेधा सूची की वरीयता का क्रम निम्नानुसार होगा–
     - क. प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में 2 वर्षीय प्रशिक्षण एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा में उतीर्ण अभ्यर्थी
     - ख. शिक्षक पात्रता परीक्षा में उतीर्ण अप्रशिक्षित अभ्यर्थी
     - ग. प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में 2 वर्षीय प्रशिक्षण परन्तु शिक्षक पात्रता परीक्षा उतीर्ण नहीं, अभ्यर्थी
     - घ. बिना शिक्षक पात्रता परीक्षा उतीर्ण अप्रशिक्षित अभ्यर्थी
  2. लेखापाल हेतु मेधा सूची की वरीयता का क्रम निम्नानुसार होगा–
     - क. बी0 कॉम0 उतीर्ण अभ्यर्थी
     - ख. बी0 कॉम0 की अनुपलब्धता में आई0 कॉम0 अभ्यर्थी
  3. मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोइया हेतु मेधा सूची की वरीयता का क्रम निम्नानुसार होगा–
     - क. मैट्रिक उतीर्ण अभ्यर्थी
     - ख. मैट्रिक उतीर्ण की अनुपलब्धता में पंचम् उतीर्ण अभ्यर्थी
  4. आदेशपाल/रात्रि प्रहरी को साइकिल चलाने का ज्ञान होना अनिवार्य है।
- सभी अभ्यर्थियों को संदर्भित पदों हेतु सभी विज्ञापित प्रखंडों के विकल्प प्राथमिकता के क्रमानुसार आवेदन पत्र में अंकित करने होंगे।
- उपरोक्त सभी पदों पर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के निदेशों के अनुरूप कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के नियमावली के शर्तों के अधीन अनुबंध के आधार पर अधिकतम तीन वर्षों के लिए नियोजन किया जायगा। कार्य की समीक्षोपरांत सेवा संतोषजनक पाये जाने पर अनुबंध का नवीकरण किया जा सकता है जबकि सेवा यदि असंतोषजनक पाया जाता है तो किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकती है।

परीक्षा

क. वार्डेन–सह–शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखापाल के पद हेतु 100 अंकों की लिखित परीक्षा आयोजित की जायगी। इन पदों पर अंतर्वीक्षा नहीं ली जायगी। प्रश्न पत्र में 2–2 अंकों के 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायगें।

ख. अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया हेतु 100 अंकों की अंतर्वीक्षा ली जाएगी। इन पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा।

- किसी भी समय बिना पूर्व सूचना/विज्ञापन के इस नियोजन संबंधी विज्ञप्ति को स्थगित/रद्द करने का सर्वाधिकार जिला नियोजन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

आवेदन पत्र

आवेदन पत्र का प्ररूप एवं विस्तृत विवरण बिहार शिक्षा परियोजना, बेगूसराय कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त किया किया जा सकता है साथ ही बेबसाईटwww.bepbegusarai.org एवं बेगूसराय जिला के बेबसाईट www.begusarai.bih.nic.inसे download किया जा सकता है। विहित प्रपत्र में आवेदन A4 साइज के पेपर पर ही स्वीकार किये जाएगे। आवेदक आवेदन स्वयं भरेंगे। टंकित/कम्प्यूटराईज भरा हुआ आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायगा।

एक अभ्यर्थी एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते है। दो या दो से अधिक पद पर आवेदन करने वाले आवेदक के आवेदन को किसी एक पद के लिए नियोजन समिति द्वारा मान्य मान कर आगे कि कार्रवाई की जायगी, जिसपर आवेदक के द्वारा किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

आवेदन पत्र के साथ आवेदक को अपनी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक योग्यता से संबंधित अंकपत्र/प्रमाण पत्र, उम्र संबंधी प्रमाण पत्र(विद्यालय/बोर्ड से निर्गत), जाति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।आवेदन पत्र के साथ दो स्वपता लिखित लिफफा, जिसपर निबंधित डाक हेतु 35/– रूपये का डाक टिकट रहना अनिवार्य है।आवेदन पत्र के साथ प्रवेश पत्र के दोनो प्रति में पद का नाम, आवेदक/आवेदिका का नाम, पिता/पति का नाम को आवेदक द्वारा भरा जायगा। आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र के दोनो प्रति में निर्दिष्ट जगहों पर पासपोर्ट साइज का हाल का खिंचाया हुआ स्पष्ट फोटोग्राफ अच्छी तरह चिपकाया जाना अनिवार्य होगा।

आवेदन पत्र भेजने का पता– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, बिहार शिक्षा परियोजना, बेगूसराय, जिला परिषद् भवन, द्वितीय तल, बेगूसराय पिन कोड– 851101 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकृत किये जायेंगे। हाथो हाथ/साधारण डाक से आवेदन अमान्य होगा। **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 02.11.2018 के संध्या 05:00 बजे तक होगी।** डाक विभाग के विलंब के कारण यदि आवेदन अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होता है तो उसे निरस्त माना जायगा। आवेदन प्राप्ति के अंतिम तिथि के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएँगे।

(अमर भूषण)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, बेगूसराय

(श्यामबाबू राम)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बेगूसराय।